# ओक्खी चक्रवात से प्रभावित लोगों को सी एम एफ आर आइ की सहायता

भा कृ अनु प-केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सी एम एफ आर आइ) ने केरल राज्य की ओक्खी चक्रवात विशेष राहत निधि के लिए 4.53 लाख रुपए का अंशदान दिया। डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक, सी एम एफ आर आइ ने केरल के माननीय मुख्य मंत्री श्री पिणरायी विजयन को राशि का चेक सौंप दिया। सी एम एफ आर आइ मुख्यालय तथा विषिंजम और कालिकट अनुसंधान केन्द्रों के कर्मचारियों से इस राशि का संग्रहण किया



डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक, सी एम एफ आर आइ केरल के माननीय मुख्य मंत्री श्री पिणरायी विजयन को चेक सौंपते हुए

भा कृ अनु प- केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र तथा मद्रास और टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्रों द्वारा कर्मचारियों के एक दिवस का वेतन एकत्र करते हुए संग्रहित 1,90,566/- रुपए की राशि आक्खी चक्रवात से प्रभावित मछुआरों की मदद करने हेतु राहत निधि के लिए सौंपी गयी। तीनों क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों के प्रभारी वैज्ञानिकों ने दिनांक 27 फरवरी 2018 को राशि का चेक तमिल नाडु के माननीय मुख्य मंत्री श्री एडप्पाडी के. पलनिस्वामी को प्रदान किया।



मंडपम, मद्रास और टूटिकोरिन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों के प्रभारी वैज्ञानिक गण तमिल नाडु के माननीय मुख्य मंत्री श्री एडप्पाडी के. पलनिस्वामी को चेक प्रदान करते हुए